दिन–शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 01 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे से मतदान जारी है। अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए भी शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर एक बजे तक पैंतीस दशमलव छह–पांच प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे अधिक पाटलिपुत्र में चालीस दशमलव सात– आठ प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, काराकाट में उनतालीस दशमलव पांच–तीन प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बक्सर में सैंतीस दशमलव सात–नौ, सासाराम में सैंतीस दशमलव एक–दो, जहानाबाद में छत्तीस दशमलव छह–छह, आरा में तैंतीस दशमलव शून्य–सात, नालंदा में बत्तीस दशमलव नौ–चार और पटना साहिब में दोपहर एक बजे तक उनतीस दशमलव दो–दो प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से सासाराम लोकसभा क्षेत्र के चैनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छियालीस और चेनारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पच्चीस बूथों पर शाम चार बजे तक ही मतदान होगा। वहीं, काराकाट लोकसभा क्षेत्र के गोह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अड़तालीस केन्द्रों और नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के चौबीस बूथों पर शाम पांच बजे तक वोट डाले जा सकेंगे। अन्य सभी क्षेत्रों में मतदान शाम छह बजे तक होगा।

———————————————————————

हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि कड़ी धूप और उमस भरी गर्मी के बावजूद मतदाताओं में मतदान को लेकर विशेष उत्साह दिख रहा है। विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के मतदाता और पहली बार मतदान करने वाले युवा उत्साह के साथ इस समय भी कतारों में लगे हुये हैं। युवा मतदाता मतदान केन्द्रों पर बनाये सेल्फी प्वांईट पर अपनी तस्वीरें लेकर सोशल मीडिया पर भी अपलोड कर रहे हैं। इसके अलावा आदर्श मतदान केन्द्रों और पिंक बूथों पर भी मतदाताओं में खासा जोश देखा जा रहा है।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान के लिए आठ सीटों पर बारह महिलाओं समेत कुल एक सौ चौंतीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। नालंदा सीट पर सबसे अधिक उनतीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, पाटलिपुत्र से बाईस, पटना साहिब से सत्रह, जहानाबाद से पंद्रह, आरा और बक्सर से चौदह–चौदह, काराकाट से तेरह और सासाराम से दस उम्मीदवारों की चुनावी प्रतिष्ठा दांव पर है। बहुजन समाज पार्टी से सबसे अधिक आठ प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, भाजपा के पांच, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के एक और जदयू के दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राजद के तीन, कांग्रेस के दो और भाकपा माले के तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जिन प्रमुख उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला इस चरण में होना है, उनमें एक वर्तमान केन्द्रीय मंत्री आर. के. सिंह और तीन पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, उपेन्द्र कुशवाहा और रामकृपाल यादव के नाम शामिल हैं। इसके अलावा अन्य दिग्गजो में राजद की मीसा भारती, सुधाकर सिंह, सुरेन्द्र यादव और भाकपा माले के सुदामा प्रसाद की किस्मत का भी फैसला इसी चरण में मतदाता कर रहे हैं।

——————————————————————

सभी चरणों की मतगणना चार जून को होगी। लेकिन इससे पहले सातवें चरण के मतदान की समाप्ति के बाद आज शाम विभिन्न समाचार एजेंसियों, चैनलों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये एग्जिट पोल के आंकड़े पेश किये जायेंगे। गौरतलब है कि हाल के दिनों में एक्जिट पोल के आंकड़ों की विश्वसनीयता थोड़ी वृद्धि हुई है।

——————————————————————

अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के तहत भी आज वोटिंग हो रही है। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर एक बजे तक इस क्षेत्र में तैंतीस दशमलव एक शून्य प्रतिशत मतदान हुआ है। अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल नौ उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। एनडीए से जदयू के प्रभुनाथ प्रसाद और भाकपा माले के शिव प्रकाश रंजन के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। गौरतलब है कि अगिआंव विधानसभा क्षेत्र से भाकपा माले विधायक मनोज मंजिल को हत्या के एक मामले में सजा सुनाए जाने के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त हो गयी थी। इसके बाद इस क्षेत्र में उपचुनाव हो रहा है।

——————————————————————

प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। इन क्षेत्रों में भोजपुर, बक्सर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और गया समेत विभिन्न जिलों में अधिकतम पारा बयालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास बना हुआ है। वहीं, आद्रता अधिक होने से उमस भरी गर्मी का भी सामना करना पड़ रहा है। इधर, पटना,

नालंदा, लखीसराय और शेखपुरा समेत राज्य के दक्षिण–मध्य भागों में आज अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की कमी के कारण लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर अगले चौबीस घंटों के दौरान हल्की वर्षा की सम्भावना जतायी है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।